5C

[A-4] No. of printed pages: 2

SARDAR PATEL UNIVERSITY
FY BA (External) Examination
Wednesday, 4 March 2015
10.30 am - 1.30 pm
HINDI 101 - Hindi Lit. I
हिन्दी कहानी एवं उपन्यास – पेपर १

Total Marks: 100

प्र.१ ससंदर्भ व्याख्या कीजिए:

(क) 'माँ जी, बिल्ली की हत्या और आदमी की हत्या बराबर है । हम तो रसोई न बनावेंगी, जब तक बहू के सिर हत्या रहेगी !' (०७)

अथवा

(क) 'और मैं सोच रहा हूँ कि आदमी के मरते ही कितना फर्क पड़ जाता है । पिछले साल दीवानचन्द की लड़की की शादी में हजारों की भीड़ थी ।'

(ख) 'माँ मुझे धोखा देके यूँ चली जाओगी ? मेरा बनता काम बिगाड़ोगी ? जानती नहीं साहब खुश होगा तो मुझे तरक्की मिलेगी ।' (०७)

अथवा

(ख) 'मोहन ने अपनी माँ को गौर से देखा, फिर धीरे से उत्तर दिया – नहीं रे, अक्ल तो अब भूख नहीं है और फिर रोटियाँ तुने ऐसी बनाई है कि खाई नहीं जाती ।'

(ग) 'जो होना था सो तो हो ही गया, और चलो अच्छा ही हुआ । सारी जिन्दगी उस तनाव में काटने की अपेक्षा तो उससे मुक्त होना लाख गुना अच्छा था ।' (०८)

अथवा

(ग) 'अच्छा क्या प्रेम सचमुच ही मात्र एक शारीरिक आवश्यकता और एक सुविधाजनक एडजस्टमेंट का ही दूसरा नाम है ? बताओं, तुम्हे क्या कभी अपनी पत्नी की याद नहीं आती और आती है तो क्यों ? उसे तुम क्या कहोंगे ?'

प्र.२ 'आपका बंटी' उपन्यास की प्रमुख समस्याओं पर प्रकाश डालिए । (२०)

अथवा

प्र.२ 'आपका बंटी' उपन्यास के आधार पर 'बंटी' की चारित्रिक विशेषताएँ बताइए ।

प्र.३ कहानी कला के आधार पर 'चीफ की दावत' कहानी की समीक्षा कीजिए । (२०)

अथवा

प्र.३ 'दोपहर का भोजन' कहानी के आधार पर सिद्धेश्वरी की चारित्रिक विशेषताएँ बताइए ।

प्र.४ टिप्पणी लिखिए: (२०)

(क) 'दिल्ली में एक मौत' कहानी के शीर्षक की सार्थकता

अथवा

(क) 'चीफ की दावत' कहानी में शामनाथ की माँ के जीवन की करूणता

(ख) 'आपका बंटी' उपन्यास का अजय

अथवा

(ख) 'आपका बंटी' उपन्यास की फूफी

प्र.५ निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **(कोई अठारह)** (१८)

(१) 'आपका बंटी' उपन्यास में शकुन दूसरी शादी किसके साथ करती है ?

(२) 'आपका बंटी' उपन्यास की लेखिका का क्या नाम है ?

(३) 'बंटी' का वास्तविक नाम क्या है ?

(४) मन्नू भंडारी के किस उपन्यास का नाट्य रूपांतर हुआ है ?

(५) बंटी के मित्र का क्या नाम है ?

(६) 'आपका बंटी' उपन्यास में शकुन किस पद पर कार्यरत है ?

(७) शकुन अजय के सारे लक्षण किसमें देखती है ?

(८) बंटी को किसकी बातें पसंद नहीं है ?

(९) 'आपका बंटी' उपन्यास किस लेखक की नीजि बिडम्बना को विषय बनाकर लिखा गया है ?

(१०) मन्नू भंडारी की सबसे पहली कहानी कौन-सी है ?

(११) 'दुलाईवाली' कौन बनता है ?

(१२) 'पुरस्कार' कहानी के लेखक का क्या नाम है ?

(१३) रामू के बहू की उम्र क्या थी ?

(१४) 'दिल्ली में एक मौत' कैसी कहानी है ?

(१५) गोधन का हुक्का-पानी पंचायत ने क्यों बंद किया ?

(१६) किसके घर चीफ की दावत थी ?

(१७) 'परमात्मा का कुत्ता' कहानी के लेखक का क्या नाम है ?

(१८) 'दोपहर का भोजन' कहानी के प्रमुख पात्रों का नाम बताइए ।

(१९) मेमसाहब को क्या पसंद आया था ?

(२०) सोने के कितने तोले की बिल्लि दान में देना तय हुआ था ?

* * *